हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–67 : जौनपुर, बुधवार 27 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जगद्गुरु परमहंस दास का ताजमहल में प्रवेश विवादः एएसआई ने जारी किया बयान– 'भगवा कपड़े नहीं ब्रह्मदंड के साथ नहीं दिया गया प्रवेश'

आगरा ब्यूरो : अयोध्या की तपस्वी छावनी के उत्तराधिकारी परमहंस दास मंगलवार को ताजमहल पहुंचे थे। महंत और उनके शिष्यों ने भगवा पहने होने की वजह से प्रवेश से रोके जाने के आरोप लगाए। इस मामले में अब विवाद बढ़ता जा रहा है। गुरुवार सुबह हिंदू महासभा ने संत को ताजमहल में प्रवेश करने से रोकने को लेकर रोष प्रकट किया। वहीं इस मामले में अधीक्षण पुरातत्वविद ने बयान जारी करते हुए बताया कि भगवा कपड़े का कोई मामला नहीं है। गाइडलाइन के अनुसार जगद्गुरु परमहंस दास को ब्रह्मदंड के साथ ताजमहल में जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। ताज सुरक्षा से ट्वीट मिलने के बाद हुई जानकारी अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि 26 अप्रैल को ताजमहल में कुछ लोग भगवा वस्त्र में वेस्ट गेट पर आए थे। उनमें से एक साधु के हाथ में दंड था। ताजमहल परिसर में इस प्रकार की वस्तु ले जाना प्रतिबंधित है। गेट पर साधु को दंड को बाहर रखकर आने के लिए बताया, जिसको सुनकर वे गेट से चले गए और वापस नहीं आए। 27 अप्रैल को ताज सुरक्षा से ट्वीट प्राप्त हुआ, तब पता चला की ये साधु जगद्गुरु परम हंस आचार्य थे और ट्वीट मंहत धर्मेंद्र गिरी द्वारा किया गया है। ब्रह्मदंड के साथ ताजमहल में प्रवेश करना चाहते थे जगद्गुरु बता दें परमहंस दास ब्रह्मदंड के साथ ताजमहल में प्रवेश करना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ



ने उनसे ब्रह्मदंड को गेट पर रखने और ताज देखने के बाद लौटने पर वापस लेने का आग्रह किया था, लेकिन वह ब्रह्मदंड के साथ ही ताज में प्रवेश करना चाहते थे। रोकने पर वह वापस चले आए। उन्होंने इस मामले में प्रवेश के नियमों को लेकर नाराजगी जताई। ताजमहल में प्रवेश के लिए तय हैं नियम परमहंस दास ने कहा कि ताजमहल शिव मंदिर है और वह इसे देखने आए थे। लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया। इस मामले में एएसआई अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि ताजमहल में प्रवेश के लिए नियम तय हैं। संत अपने साथ अंदर लोहे का दंड ले जाना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें मना किया गया। उनके प्रवेश पर कोई मनाही नहीं थी। ब्रह्मदंड गेट पर रखने का आग्रह किया गया था, लेकिन वह तैयार नहीं हुए।

## सीएमओ कार्यालय में स्टिंग ऑपरेशन : सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू द्वारा लिया जा रहा 5000 कैमरे में कैद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिला चिकित्सालय में धन उगाही कर विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने वालों का रैकेट सक्रिय रैकेट में सीएमओ कार्यालय के बाबू तक सम्मिलित है आज मंगलवार को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने आरटीओ व ट्रेजरी ऑफिस के बाद सीएमओ कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों से कराया स्टिंग ऑपरेशन खुफिया कैमरे में सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू सत्य प्रकाश शुक्ला द्वारा दिव्यांग जनों से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 5000 रुपये लेते हुए कैमरे में हुआ कैद खुफिया कैमरे में साफ साफ दिखाई दे रहा की सीएमओ कार्यालय में तैनात क्लर्क सत्य प्रकाश शुक्ला द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 5000 रुपये लेते हुए साफ–साफ दिखाई दे रहा और मेरे पास तीन अन्य पत्रावली है उसके साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा लेंगे सुनाई दे रहा। स्टिंग ऑपरेशन को प्रमाणित होने के बाद जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने सीएमओ आशुतोष दुबे को निर्देश दिये कि सीएमओ कार्यालय में तैनात लिपिक सत्य प्रकाश शुक्ला पर धारा 419 आईपीसी 7/13 भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करवाये जिससे अन्य कार्यालयों व संभागों में धन उगाही कर प्रमाण पत्र व अन्य कार्य करवाने का ठेका लेने वाले ठेकेदारों पर लगाम लग सके और हर ऑफिस व कार्यालयों में बिना किसी धन उगाही के निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ आम जनमानस का आसानी से जरूरत के कार्य हो सके। अभी बृहस्पतिवार को सीएमओ आशुतोष दुबे द्वारा भी दिव्यांग जनों से मोटी रकम लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने वाले सीएमओ कार्यालय में तैनात संविदा कर्मचारी दुर्गेश गुप्ता के सहयोग से दलाल जयप्रकाश सहित अन्य को पकड़ा था संविदा कर्मचारी दुर्गेश गुप्ता को सेवा समाप्त कर कार्य मुक्त कर दिया और आज जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने सीएमओ कार्यालय में स्थाई दिव्यांग लिपिक सत्य प्रकाश शुक्ला द्वारा अभ्यर्थियों से प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 5000 रुपए प्रति व्यक्ति से लेते हुए पकड़ा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## न्यायालयों में लंबित मुकदमों का निस्तारण करें एसडीएम व तहसीलदार– डीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभागार में जनपद के समस्त तहसील के एसडीएम तहसीलदार व एसडीएम व तहसीलदार के पेशकार के साथ बैठक किया।डीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तहसील के न्यायालयों में लंबित मुकदमो का अंबार लगने से नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम व तहसीलदार तथा न्यायालयों में पेशकार को निर्देशित किया कि अपने–अपने न्यायालय के मुकदमों का निस्तारण प्रतिदिन कोर्ट में बैठकर मुकदमों का सुनवाई कर निस्तारण बिना किसी भेदभाव के बिना किसी दबाव में निस्तारण करने का कार्य करें जिससे वर्षों से लंबित मुकदमों का निस्तारण हो सके। और वादी व प्रतिवादी को न्याय संगत न्याय मिल सके। साथ में ही जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार से कहा कि अपने–अपने तहसील में आए हुए आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण बिना किसी दबाव व भेद भाव के वादी से वार्ता करने के बाद आइजीआरएस प्रकरणों को मौके मुआयना करने के बाद निस्तारित करने का कार्य करें जिससे आईजीआरएस प्रकरणों का अंबार ना लग सके और समस्याओं का समय से समाधान हो सके जिससे फरियादी को इधर उधर भटकना ना पड़े और फरियादी को न्याय संगत न्याय मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव एसडीएम कैंपियरगंज पंकज दीक्षित एसबीएम गोला रोहित मौर्य एसडीएम चोरी चोरा रजत वर्मा एसडीएम बांसगांव दुर्गेश मिश्रा एसडीएम सहजनवा सुरेश राय तहसीलदार सदर वीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## रूस में आयोजित खेल में सहभागिता के लिए धनाभाव बन रहा रोड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हरियाणा के रोहतक में आयोजित खेल प्रतियोगिता में डबल गोल्ड मेडल जीत कर आई नम्रता यादव का रुस में आयोजित खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। नम्रता यादव एक अत्यंत गरीब परिवार की बच्ची है इस बच्ची को रूस जाने के लिए डेढ़ लाख रुपये की जरूरत है ।धन का जुगाड़ नही हो पाने के कारण परिवार के लोग परेशान हैं। जनपद के बदलापुर क्षेत्र की रहने वाली नम्रता नगर के शिव गोविंद महाविद्यालय में एम ए की छात्रा है ।नम्रता पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम में शामिल होकर रोहतक में आयोजित प्रतियोगिता में भाग ली थी ।वहां इसने दो गोल्ड मेडल जीता था ।प्रतियोगिता 31 मार्च से 4 अप्रैल 2022 महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतकआयोजित की गई थी। इसमे शिवगोविंद महाविद्यालय की छात्रा एम ए द्वितीय वर्ष की नम्रता यादव निवासी नेवढ़िया (बरईपार)ने 70 किलो भारवर्ग में स्वर्णपदक जीता ।ग्रेपलिंग के गी कुश्ती और नोगी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया था ।दोनों में ही स्वर्ण पदक मिला है ।अब उक्त का चयन रूस में आयोजित ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है लेकिन धान के अभाव में होनहार बालिका की प्रतिभा पर ग्रहण लग रहा है ।परिवार के लोग और सोसल मीडिया के माध्यम से होनहार खिलाड़ी का आर्थिक सहयोग करने की अपील कर रहे हैं ।लोगों से जो भी संभव हो सहायता करने की गुहार लगाते हुए महिला खिलाड़ी के रूस जाकर देश के लिए एक पदक सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील कर रहे है ।नम्रता यादव का फोन नंबर 8853852651 उससे बात करके पुष्टि करने को कह रहे है।

## आधी रात में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग : सिलिंडर धमाके से दहला इलाका : सिपाही समेत छह घायल

मऊ ब्यूरो : यूपी के मऊ जिले के ग्राम सभा कोपा कोहना में बीती रात आग ने तबाही मचाई। गांव स्थित एक आरओ प्लांट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आकर तीन सिलिंडर बारी–बारी से फट गए। सिलिंडरों के धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में फायर ब्रिगेड के दो हेड कांस्टेबल, होमगार्ड सहित छह लोग घायल हो गए। करीब 30 लाख का समान जलकर राख हो गया। कोपागंज थाना क्षेत्र ग्राम सभा कोपा कोहना में रेलवे क्रॉसिंग के पास प्रमोद बरनवाल पुत्र सच्चितानंद बरनवाल का दो मंजिला मकान है। छत पर भागकर बचाई जान मकान के निचले तल पर आरओ प्लांट लगा हुआ था। दूसरी मंजिल पर वे अपनी पत्नी पूजा और दो बच्चे अनोखी (4) और अनमोल (2) वर्ष के साथ रहते हैं। मंगलवार रात करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट से आरओ प्लांट में आग लग गई। जिसके बाद पूरा घर धुएं से भर गया। आग की तपिश से प्रमोद की नींद खुल गई ।चारों तरफ आग देख वो अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को छत पर लेकर चला गया। छत से फायर बिग्रेड को सूचना दी और शोर मचाया। थोड़ी ही देर में फायर बिग्रेड और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। फायर बिग्रेड और ग्रामीणों के मदद से किसी प्रकार सभी को बचाया गया। इस दौरान अनमोल (2), मनोज (45), प्रमोद बरनवाल (36) घायल हो गए। आग बुझाने के दौरान मकान में रखे तीन सिलिंडर धमाके के साथ फट गए। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने तीन घंटे बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया। तब तक मकान में रखा करीब 30 लाख का समान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाते ही मौके पर थानाध्यक्ष हरे राम मौर्य और क्षेत्राधिकारी घोसी राजीव प्रताप सिंह पहुंचे थे।

## कॉल रिकॉर्डिंग से सामने आया चौंकाने वाला सच : परिवार से लेकर अफसर तक हैरान

लखनऊ ब्यूरो : अमेठी के गौरीगंज में महिला दरोगा की मौत के चौथे दिन पुलिस ने पिता की तहरीर पर दरोगा के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिक्षक (प्रेमी) पर दरोगा को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी शिक्षक का चालान जिला एवं सत्र न्यायालय रायबरेली भेजा जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मलौली गांव निवासी एडवोकेट मुन्नालाल यादव की पुत्री रश्मि यादव मोहनगंज थाने में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थीं। 22 अप्रैल को रश्मि थाने से सटे फायर विभाग के भवन स्थित अपने आवास में पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटकी मिलीं थीं। बाद में अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। परिजन पहले तो आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की बात कह रहे थे लेकिन पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव लेकर अपने पैतृक गांव मलौली चले गए। 24 अप्रैल को मामले ने तब तूल पकड़ा जब सपा मुखिया अखिलेश यादव रश्मि के घर मलौली पहुंच गए और सरकार पर आरोप मढ़ना शुरू कर दिया। इस बीच पुलिस रश्मि के पिता मुन्नालाल के संपर्क में थी। सोमवार दोपहर बाद रश्मि के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। इसमें पिता ने कहा कि पुलिस में नौकरी पाने से पहले उनकी पुत्री रश्मि बहराइच जिले के एक प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका थी। स्कूल में तैनाती के दौरान ही उसकी जान–पहचान बहराइच डायट में तैनात अलीगढ़ निवासी शिक्षक सुरेंद्र सिंह से हो गई थी। उन्हीं संबंधों की वजह से दामाद राजेश यादव से बेटी का तलाक हो गया। आरोप है कि सुरेंद्र आए दिन उनकी बेटी को फोन पर बातचीत में तरह–तरह के आरोप लगाता रहता था। यही नहीं वह अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए परेशान भी करता था। जिससे क्षुब्ध होकर उनकी बेटी ने 22 अप्रैल को करीब साढ़े तीन बजे अपने सरकारी आवास पर दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। दाह संस्कार करने के बाद बेटी के मोबाइल में सुरेंद्र के बातचीत की रिकॉर्डिंग सुनकर विश्वास हो गया कि



सुरेंद्र सिंह के लगातार अपमानित करने की वजह से ही उनकी पुत्री ने आत्महत्या की। पिता की तहरीर मिलते ही मोहनगंज एसएचओ अमर सिंह ने सुरेंद्र सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया। मोहनगंज पुलिस ने सुरेंद्र को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। समाप्त हुआ शासन का प्रेशर मृतक महिला दरोगा रश्मि यादव के मलौली स्थित मकान पर सांत्वना देने पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला था। अखिलेश के बयान के बाद से शासन सक्रिय हो गया था। सूत्रों के अनुसार अमेठी पुलिस पर लगातार केस दर्ज करने का दबाव था। उधर मृतक दरोगा के पिता तहरीर नहीं दे रहे थे। सोमवार को दरोगा के पिता ने तहरीर दे दी। जिसके बाद मोहनगंज पुलिस ने न सिर्फ तत्काल केस दर्ज कर लिया बल्कि अगले ही दिन आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार भी कर लिया।फोन कॉल की रिकार्डिंग से मिला सुराग एसपी दिनेश सिंह ने कहा कि मृतक महिला दरोगा के मोबाइल फोन में सभी कॉल की रिकार्डिंग होती थी। कहा कि मौत के बाद उनके मोबाइल फोन को चेक किया गया तो मरने से पहले और मोबाइल द्वारा अंतिम फोन कॉल को खंगालना शुरू हुआ। अंतिम फोन कॉल की रिकार्डिंग सुनने के बाद उसी दिन स्पष्ट हो गया था कि रश्मि को आत्महत्या के लिए उकसाया गया है।

## बाल विवाह है कानूनी अपराध : वयस्क होने पर करें शादी

जौनपुर (सू0वि)– बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रोवेशन अधिकारी अभय कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत एक विशेष अभियान चलेगा। इसके तहत अक्षय तृतीया पर एक से सात मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय धर्मापुर में बालिकाओं ने एक रैली निकाली। इसके माध्यम से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में लोगों को जानकारी दी। बताया कि बालिकाओं का विवाह वयस्क होने के बाद ही किया जाना चाहिए। बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के विशेष प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बालक/बालिका का विवाह कम उम्र में होने पर धारा–3 के अंतर्गत विवाह के दो वर्ष के अंदर याचिका दायर करने पर वह विवाह अमान्य घोषित किया जा सकता है। छोटी उम्र में शादी करने से बच्चियों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास प्रभावित होता है। ऐसी बालिकाएं अपना भविष्य नहीं बना पाती हैं। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक बबीता ने महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना



(सामान्य) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर 181, 1090, 112 के बारे में भी बताया। इस मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने बाल विवाह निषेध पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसके माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। इससे बच्चों को कई प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ती हैं। इस दौरान बच्चों ने ''जन–जन की है यही पुकार, शिक्षा है मेरा अधिकार'', ''पहले मुझको पढ़ने दो, सपने अपने पूरे करने दो'' आदि नारे लगाए।

## महिला ने चलती एंबुलेंस में ही दिया बच्चे को जन्म

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रात 2 बजे महिला को हुई प्रसव पीड़ा के बाद महिला ने चलती एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। महिला को बेटा पैदा हुआ है। मामला मडियाहू तहसील क्षेत्र का है। सोमवार की रात लगभग दो बजे क्षेत्र के ग्राम रानीपुर की रहने वाली कल्पना को प्रसव पीड़ा हुई थी। धीरे धीरे पीड़ा तेज होने लगी, जिसके बाद कल्पना के पति मोहित कुमार ने 102 एंबुलेंस को फोन लगाया करीब 15 मिनट के भीतर ही एम्बुलेंस कल्पना के घर पहुंच गई तथा अपनी पत्नी कल्पना को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं ले जाने लगे। किन्तु, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले रास्ते में ही कल्पना को प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने लगी। तब एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन) रामबाबू और चालक अजीत यादव ने रास्ते में ही एंबुलेंस को रोक लिया। अपनी सूझबूझ से काम लेते हुए महिला के परिजनों के साथ एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा दिया। प्रसव सुरक्षित हुआ है तथा नवजात बच्चे की स्थिति ठीक है।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस की चपेट मे आने से वृध्द की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पुर्वी फाटक पर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस की चपेट मे आने से एक वृध्द की मौत हो गयी लोगो के मुताबिक अचानक वृध्द ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पुर्वी फाटक के पास मंगलवार रात 8 बजे प्रयागराज जनपद के सराय ममरेज थाना के पिपरी निवासी रमाकांत उपाध्याय 60 वर्ष वाराणसी से ग्वालियर जा रही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस के सामने जंघई स्टेशन के पुर्वी फाटक के पूरब तरफ ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी ट्रेन ड्राइवर के मेमो पर आरपीएफ जीआरपी जंघई मौके पर पहुच गयी। घटना स्थल सराय ममरेज थाना क्षेत्र मे होने के कारण सूचना पर सराय ममरेज पुलिस भी मौके पर पहुच गयी और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सराय ममरेज थाना के जंघई चौकी इंचार्ज राज कुमार द्विवेदी ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**प्रसन्न व्यक्ति वह है जो निरंतर स्वयं का मूल्यांकन एवं सुधार करता है**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# पुलिस पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जहाँ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल के पिता पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक एंव पुलिस पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष बिरजू सिंह के देहावसान पर उनको श्रद्धांजलि दी गयी।सनद रहे कि बिरजू सिंह का देहांत ह्रदयगति रुकने से चौबीस अप्रैल को जगदीशपुर ग्राम स्थित उनके निजी आवास पर हो गयी। 1996 में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने के पश्चात बिरजू सिंह निरंतर समाजसेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा में लगे रहे। 70 और 80 के दशक में कई दुर्दांत डकैतों का एनकाउंटर इन्होंने अपने नेतृत्व में किया जिसके लिए सरकार व विभाग द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा से पुरस्कृत किया गया था। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बिरजू सिंह अचानक हम सभी के बीच से जाना हम सभी के लिए बेहद ही दुःखद है। हम सभी उनके द्वारा दिखाए गए कर्तव्यनिष्ठता व सेवाभावना के मार्ग का अनुसरण कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री सतीश पाठक, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अश्विनी कुमार सिंह, डॉ अनुज सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सिकरारा मृत्युंजय सिंह, राजीव सिंह लोहिया सहित दूसरे अन्य शिक्षक पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# जिलाधिकारी ने साख–जमा अनुपात को बढ़ाने के साथ विकासपरक योजनाओं को ऋण उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 2604.22 को जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदयकी उपस्थिति में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति सह जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बैंकरों को जिले के विकास योजनाओं के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अनिल कुमार सिन्हा के द्वारा बैंक के दिसंबर तिमाही यानी कि 31 दिसंबर 2021 तक की उपलब्धि पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी बैंक के द्वारा दिसंबर महीने तक प्राप्त की गई उपलब्धियों की बारी–बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि दिसंबर तिमाही में जिले की साखजमा अनुपात में उपलब्धि 31.11% रही है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को जिले में साख–जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है और अगले वर्ष में बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। जिले की उपलब्धि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में गत वर्ष से अच्छी रही है। साथ में पिछले वर्ष के तुलना में जिले की वार्षिक साख योजना में उपलब्धि भी अच्छी रही है पर जिन बैंकों द्वारा साख–जमा अनुपात 40: से कम हासिल हुई है, उनके ऊपर जिला अधिकारी महोदय ने काफी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही जिन बैंकों द्वारा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि 25% से कम थी, उनके ऊपर भी जिलाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया है कि अगले वर्ष में जिले में और सुधार करते हुए वार्षिक साख योजना, साख जमा अनुपात, सरकार प्रायोजित योजनाएं जैसे कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, ,स्टैंड अप इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना के साथ प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जिसके तहत पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, जन धन योजना एवं अटल पेंशन योजना में जिले की उपलब्धि अच्छी हो। इसके लिए जिलाधिकारी ने प्रथम तिमाही से ही लक्ष्य के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर अच्छे तरीके से काम करें, जिससे जिले की उपलब्धि बढ़ सके। जिलाधिकारी द्वारा यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार



प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) द्वारा किए गए ट्रेनिंग प्रोग्राम की भी समीक्षा की गई। RSETI द्वारा लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। जिले में बेहतर तरीके से काम को करने के लिए सभी बैंक शाखाओं को केसीसी वितरण को और बढ़ने के साथ साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं पशुपालन तथा मत्स्य संबंधी केसीसी लोन करने को निर्देशित किया गया। साथ ही सभी जिला समन्वयकों को अपने शाखा की उपलब्धि को तिमाहीवार प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा करने और डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैंकरों को साख–जमा अनुपात एव वार्षिक ऋण योजना में और तेजी लाने का निर्देश दिया ,साथ ही सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2022–23 के वार्षिक ऋण योजना में लक्ष्य के अनुरुप प्रगति करने एवं ऋण जमा अनुपात को 40: तक लाने की कार्यनीति बनाने का निर्देश दिया। डीडीएम नाबार्ड आरिफा सुल्तान द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि आधारभूत फंड (AIF) के तहत बैंकों को ऋण प्रदान करने की सलाह दी गई, ताकि जिले में कृषि क्षेत्र में पूंजी सृजन को बढ़ावा मिले। जिलाधिकारी ने मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग एवं पशुपालन विभाग को उचित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया एवं लंबित ऋण संबंधी आवेदनों को को जल्द से जल्द निपटारा करने का भी आदेश दिया। साथ ही अस्वीकृत मामलों में कारण सहित प्रतिवेदन जिलाधिकारी महोदय को देने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अनिल कुमार सिन्हा के अलावा डीडीएम नाबार्ड आरिफा सुलतान, एलडीओ, आरबीआई श्री अनिल कुमार मिश्रा, डीसी एनआरएलएम श्री ओ पी यादव, वित्तीयसाक्षरता परामर्शदाता श्री कमलेश यादव,त्म्ज्प प्रतिनिधि श्री अभिषेक कुमार, सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी यथा जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी, प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, आदि शामिल हुए। इसी मीटिंग में वार्षिक कार्य योजना पुस्तिका 2022–2023 का भी विमोचन जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय तथा उपस्थित व्यक्तियों द्वारा किया गया।

# सपा के बड़ी–बड़ी हस्तियों ने पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना : भावुक हुए लोग

जौनपुर/शाहगंज। पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा आजमगढ़ जिले के गद्दोपुर गांव मे सपा नेता रामआसरे विश्वकर्मा की पत्नी मीनाक्षी विश्वकर्मा का पिछले वर्ष कोरोना महामारी मे मृत्यु हो गई थी। बुधवार प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन किया गया, समाजवादी पार्टी के बड़े–बड़े नेताओ ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दे कर व्यक्त की शोक संवेदना, श्रद्धांजलि अर्पित करते वक्त भावुक हुए राम आसरे विश्वकर्मा (पूर्व शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश) कार्यक्रम की शुरूआत राम आसरे विश्वकर्मा सपा पूर्व शिक्षा मंत्री ने पत्नी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया, पुष्प अर्पित करते वक्त श्री विश्वकर्मा ने भावुक हो गए कहा कि जो लोग चले जाते हैं वह कभी वापस नहीं आते लेकिन उनकी यादें हम सब से कभी दूर नहीं हो सकती। कार्यक्रम में पहुंचे शाहगंज विधानसभा से समाजवादी पार्टी के नेता शैलेंद्र यादव उर्फ ललई ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबके बीच से मीनाक्षी जी का जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा है हम सब उनकी कमी को कभी पूरा नहीं कर पाएंगे, अखिल भारतीय शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष सोचन राम विश्वकर्मा ने प्रतिमा पर



पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की कहा की कोरोना महामारी के चलते कई परिवार अपनों को खो दिया। यह हम सबके लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण समय रहा है,किसी परिवार अपने सदस्य को खोने का असली दर्द वही समझ सकता है जिन सदस्यों ने किसी अपनों को खोया है। इस अवसर पर राम अवतार विश्वकर्मा आशुतोष विश्वकर्मा अमरनाथ विश्वकर्मा,जियालाल विश्वकर्मा,लालजी विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा पुर्व अध्यापक,शैलेन्द्र कुमार विश्वकर्मा(अध्यापक) समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण हेतु भूसा का दान आरम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त ग्राम प्रधान, चेयर मैन, नगरपालिका/नगर पंचायत, कृषक / पशुपालन, भूसा केता/भूसा विक्रेता, समाज सेवी संस्थाएं/पशु डेरी एवं अन्य सम्मानित जनपद वासियों को अपील किया है कि आप सभी लोग विदित है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में 91 अस्थायी/स्थायी गो–आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें वर्तमान गो–आश्रय स्थल में संचालित हैं, जिसमें वर्तमान में 7476 गोवंश संरक्षित है तथा जनपद में मा० मुख्यमंत्री जी सहभागिता योजना अर्न्तगत निराश्रित/बेसहारा गोवंश जो गोपालको को सुपुर्दगी में दिये गये 1847 गोवंश इस प्रकार कुल गोवंश की संख्या 9323 संरक्षित है जिसके भरण–पोषण के लिये भूसा हरा– चारा, चूनी–चोकर तथा दाना आदि की आवश्यकता होती है। जिसके लिये शासन द्वारा रू० 30 प्रति पशु प्रतिदिन की दर से अनुदान प्राप्त होता है। उक्त गोवंश के भरण–पोषण के लिये आप समस्त लोगो से भूसा–दान के रूप में भूसा अस्थायी गो–आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराने हेतु आहवाहन किया जाता है। इस वर्ष गेहूँ की कटाई के समय संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण हेतु अधिक से अधिक मात्रा भूसा दान करने का कष्ट करें।

# मुर्तजा अली मीडिया पैनल लिस्ट में शामिल : कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के क्रम में निम्न पैनलिस्ट को इलेक्ट्रॉनिक चौनल पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) का पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत किया गया है। मीडिया



चौनल में परिचर्चा हेतु प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इनके अतिरिक्त कोई अन्य पार्टी का पक्ष रखने के लिए अधिकृत नहीं है। दीपक मिश्र (मुख्य प्रवक्ता), असगर खान, अभिषेक सिंह "आशू", अजय त्रिपाठी 'मुन्ना', सत्यजीत अतवारा, प्रकाश राय, अल्पना बाजपेयी, अनीता मिश्रा दिनेश यादव,इं० अरविन्द यादव, मुर्तजा अली, संतवीर भाटी, प्रखर सिंह,डी०पी० यादव को मीडिया पैनल लिस्ट में शामिल किया गया है।

# भोजपुरी सिनेमा को दिलाई पहचान– बृजेश त्रिपाठी

जलालपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर में चल रही भोजपुरी फिल्म साक्षी शंकर के शुटींग के लिए आऐ भोजपुरी फिल्मों के गौडफादर कहे जाने



वाले अभिनेता बृजेश त्रिपाठी,भोजपुरी स्टार गायक से नायक बने रितेश पाण्डेय,क्षेत्रिय भोजपुरी कलाकार चन्दन सेठ,अभिनेत्री भानु पाण्डेय ने त्रिलोचन महादेव मंदिर में दर्शन–पूजन कर मत्था टेका।आप को बताते चले कि भोजपुरी सिनेमा के शुरुआती दौर से जुड़े कलाकारों की जब भी बात आती है,तो उन में सब से ऊपर एक ही नाम आता है और वे हैं भोजपुरी के सब से सीनियर कलाकार बृजेश त्रिपाठी।वे भोजपुरी सिनेमा से उस दौर से जुड़े हुए हैं,जब भोजपुरी में गिनीचुनी फिल्में ही बनती थीं।भोजपुरी सिनेमा के उस दौर से लेकर आज तक बृजेश त्रिपाठी ने सैकड़ों फिल्मों में काम कर के चरित्र कलाकार और खलनायक के रूप में अपनी अलग ही पहचान बनाई है।उन के बिना भोजपुरी की फिल्में अधूरी सी लगती हैं।'भोजपुरी के गौडफादर' कहे जाने वाले बृजेश त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता में बताया कि अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत 11 सितंबर, 1978 को हिंदी फिल्म 'टैक्सी चोर' से की थी, जिस में लीड रोल में मिथुन चक्रवती थे और हीरोइन थीं जरीना वहाब।यह फिल्म साल 1980 में 29 अगस्त को रिलीज की गई थी।इस फिल्म में उन के रोल को इतना ज्यादा पसंद किया गया था कि उन्हें इस के बाद राज बब्बर के साथ दूसरी फिल्म में काम करने का मौका मिल गया था। जिस का नाम था 'पांचवीं मंजिल'। इस फिल्म में भी जरीना वहाब ही हीरोइन थीं।उन्होने बताया इस के बाद तो मैं सिनेमा का हो कर रह गए।इस दौरान उन्हें हिंदी के धारावाहिकों और फिल्मों में काम करने का मौका मिला।लेकिन उन की सही पहचान भोजपुरी फिल्मों से हुई।उन दिनों पद्मा खन्ना भोजपुरी की बहुत बड़ी हीरोइन हुआ करती थीं।उन के सैक्रेटरी शुभकरण अग्रवाल बृजेश त्रिपाठी के बहुत अच्छे दोस्त थे।इनकी प्रमुख फिल्में–देवरा बड़ा सतावेला,मैं नागिन तू नगीना,ट्रक ड्राइवर,जीना तेरी गली में,छोरा गंगा किनारे वाला, शंहशाह, दुलारा, दुल्हन

## बाबा साहब अम्बेडकर की 131वी जयंती मनाई गई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय हाथरस। सोखना में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 131 वीं जयंती समारोह आयोजित किया गया तथा शोभा यात्रा निकाली गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष हाथरस श्री आशीष शर्मा जी थे, उद्घाटनकर्ता एवम मुख्य वक्ता प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश एवम राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा अनु0 जाति मोर्चा तथा श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ उत्तर प्रदेश रामवीर सिंह भैया जी थे, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रभा सिंह जी थीं, कार्यक्रम का सफल संचालन बंटी भैया ने किया,कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु0 जाति मोर्चा भाजपा हाथरस श्री भगवान सिंह भारती जी, डॉ0 आर 0सी0 गोला प्रजापति जी, हुकम सिंह प्रेमी जी,राजू राज एड0,रवि राज,कार्यक्रम संयोजक डॉ0 कमल सिंह सरोज, चौधरी चरण सिंह जी, अजय कुमार आदि लोग थे, कार्यक्रम संयोजक द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं बाबा साहब का तेल चित्र भेंट कर स्वागत किया, वक्ता के रूप में रामवीर सिंह भैया जी ने बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बाबा साहब के पंच तीर्थ के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी महिला प्रकोष्ठ युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाबो देवी से शिष्टाचार भेंट की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी महिला प्रकोष्ठ युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाबो देवी से शिष्टाचार भेंट की। संगठन के विषय में वार्ता किया और पूरे भारत में संगठन को नई ऊर्जा देने का कार्य किया एवं उत्तर प्रदेश की मंत्री गुलाबो दीदी ने उत्तर प्रदेश में हर संभव मदद का आश्वासन दिया एवं राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने 5 प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन पत्र दिया था। आज उसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में आकर उत्तर प्रदेश की तेज तर्रार मंत्री गुलाबो देवी से शिष्टाचार भेंट की। 14 मई से 20 मई तक योगी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार के द्वारा गौ यज्ञ का आयोजन एवं श्री राम कथा अमृत माई वर्षा के संबंध में चर्चा की दीदी ने



हर संभव मदद का आश्वासन दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में उत्तर प्रदेश की मंत्री गुलाबो देवी ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार का आभार व्यक्त किया।

# जनपद जौनपुर द्वारा संचालित योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में आवेदन पत्र आमंत्रित

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक सुनील कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास नि0लि0 जनपद जौनपुर द्वारा संचालित योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, नगरी क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, धोबी समाज के व्यक्यिं हेतु लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना एवं टेलरिंग शाप योजना में पात्र लाभार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास नि0लि0 विकास भवन प्रथम तल जौनपुर एवं सम्बन्धित विकासखण्ड में सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के पास जमा किया जा सकता है, आवेदन पत्रों के जमा करने की अन्तिम तिथि 25 मई 2022 निर्धारित की जाती है। पात्रता के नियम व शर्ते हेतु आवेदक अनुसूचित जाति का हो (तहसील द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें), आवेदक की वार्षिक आय नगरीय क्षेत्र में रू0 56460 तथा ग्रमीण क्षेत्र में रू0 46080 से अधिक नही होना चाहिये (तहसील द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें) दुकान निर्माण योजना में नगरी/ग्रामीण क्षेत्र में उसके पास व्यवसायिक स्थल पर स्वंय की भूमि हो, (जमीन के कागज एवं नजरी नक्शा संलग्न करें), लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना में अनुसूचित जाति की उपजाति धोबी को वरीयता दी जायेगी। लाण्ड्री स्थापित करने का स्थान एवं पता भी अंकित करें। टेलरिंग शाप योजना में प्रशिक्षित युवक/युवतियों, पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं, स्वयं सहायता समूह की पाध्त्र महिलाओं एवं कौशल विकास मिशन द्वारा सिलाई–कढाई टेड मे प्रशि क्षित व्यक्तियों/महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बचत खाता की फोटो प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

## चेन्नई में आयोजित 4 वी राष्ट्रीय पैरा सीनियर पुरुष कबड्डी चौंपियनशिप खेलने के लिए उत्तरप्रदेश की पैरा कबड्डी टीम चेन्नई रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय पैरा कबड्डी महासंघ के तत्वाधान में चेन्नई में 29 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पैरा कब्बड्डी प्रतियोगिता हेतु उत्तरप्रदेश की पैरा कबड्डी टीम के चयनित खिलाड़ी आज चेन्नई के लिए प्रस्थान कर गए। चयनित खिलाड़ियों के नाम क्रमशः। 1.चंद्रजीत सिंह (कप्तान) 2.पवेन्द्र सिंह 3.बृजेश कुमार 4.हरेंद्र सिंह 5.विशाल कुमार 6.सरवन साहू 7.मोहित कुमार 8.प्रदीप 9.नेक सिंह 10. विजय सिंह इन सभी खिलाड़ियों के चयन की घोषणा उत्तरप्रदेश पैरा कबड्डी के अद्यक्ष आशीष श्रीवास्तव द्वारा की गई । आशीष श्रीवास्तव जो कि जनपद जौनपुर उत्तरप्रदेश के निवासी है ।साथ ही मुख्य चयनकर्ता है भारतीय दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा यदि किसी भी खेल में थोड़ी भी प्रतिभा रखता है। तो उसकी प्रतिभा को निखार के अंतरास्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्रयास वो करेंगे। दिव्यांग लोगो को भी मुख्यधारा में आना होगा। साथ मे सभी मीडिया जन और जनसमान्य से भी अपील की दिव्यांग जनो तक जानकारियों को पहुचाये।

# जिसमें अपात्र पाये गये राशन कार्डधारकों से वसूली की कार्यवाही की जा रही

जौनपुर सू.वि. : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने सर्वधारण को अवगत कराया कि तहसील–सदर, जौनपुर के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सरक्षा अधिनियम–2013 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित हो रहे खाद्यान्न नमक, चना व तेल आदि के वितरण पर प्रभावी नियत्रंण रखे जाने हेतु माह–जनवरी 2022 से माह अप्रैल 2022 तक कुल–01 उचितदर विक्रेता के दुकानों का लाइसेंस निलम्बित किया गया तथा 5 उचितदर विक्रेता का लाइसेंस निरस्त किये गये। इसी अवधि में 01 उचितदर दुकानों पर खाद्यान्न की कालाबाजारी पाये जाने पर एफ0आई0आर0 संबंधित थाने में दर्ज करायी गयी तथा उचितदर विक्रेताओं का रूपया 30,000 की प्रतिभूति राशि शासन के पक्ष में जब्त करते हुए उन्हें कठोर चेतावनी दी गयी है। तहसील–सदर, जनपद–जौनपुर में प्रायः ऐसी शिकायते प्राप्त हो रही है कि कतिपय अपात्र परिवार तथ्यों को छिपाकर अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी योजनान्तर्गत राशनकार्ड जारी कराये है और खाद्यान्न का अनुचित लाभ ले रहे है। तहसील–सदर, जौनपुर के अन्तर्गत राशनकार्डों की जांच करायी गयी है, जिसमें अपात्र पाये गये राशन कार्डधारकों से वसूली की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सर्वधारण को अवगत कराना है कि शासनादेश में ग्रामीण क्षेत्र हेतु प्रस्तर द(1) में उल्लिखित है कि समस्त आयकर दाता, ऐसे परिवार जिनके किसी भी सदस्य की स्वामित्व में चार पहियां वाहन अथवा, ट्रैक्टर हारवेस्टर, ए0सी0 अथवा 05 के0बी0 या उससे अधिक क्षमता का जनरेटर हो, ऐसे परिवार जिसके किसी भी सदस्य के पास अकेले या अन्य सदस्य के स्वामित्व में, एकड़ से अधिक सिचिंत भूमि हो, ऐसे परिवार जिनके समस्त सदस्यों की आय 02 लाख प्रति वर्ष से अधिक हो, ऐसे परिवार जिनके परिवार के सदस्यों के पास एक से अधिक सशस्त्र लाइसेन्स हो राशनकार्ड हेतु अपात्रता की श्रेणी में आते है। इसी प्रकार नगर क्षेत्र हेतु प्रस्तर य (1) में उल्लिखित है कि समस्त आयकर दाता, ऐसे परिवार जिनके किसी भी सदस्य की स्वामित्व में 04 पहिया वाहन, ए0सी0 अथवा 05 के0बी0 या उससे अधिक क्षमता का जनरेटर हो, ऐसे परिवार जिसके किसी भी सदस्य के पास अकेले या अन्य सदस्य के स्वामित्व में 100 वर्गमीटर से अधिक का स्वअजित आवासीय प्लाट या उस पर स्वनिर्मित मकान अथवा 100 वर्गमीटर से अधिक कार्पेट एरिया का आवासीय फ्लैट हो, ऐसे परिवार जिनके किसी भी सदस्य के पास अकेले या अन्य सदस्य के स्वामित्व में 80 वर्गमीटर या उससे अधिक कार्पेट एरिया का व्यवसायिक स्थान हो, ऐसे परिवार जिनके समस्त सदस्यों की 03 लाख प्रति वर्ष से अधिक हो इस योजना के लिए अपात्र घोषित किया गया है। ऐसे समस्त राशनकार्डधारको/परिवारों को सचेत किया जाता है कि यदि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत अपात्रता की दशा में राशन प्राप्त कर रहे है, तो तत्काल अपना राशनकार्ड उपजिलाधिकारी सदर, जौनपुर के आपूर्ति कार्यालय, सदर में समर्पित करते हुए निरस्त करा दे, अन्यथा की स्थिति में राशनकार्डो के पात्रता के सत्यापन में यदि यह पाया जाता है कि कतिपय अपात्र परिवार द्वारा खाद्यान्न का अनुचित लाम प्राप्त किया जा रहा है, तो ऐसे परिवारों से राशनकार्ड जारी होने के समय से लेकर आज तक प्राप्त किये गये खाद्यान्न के मूल्य की वसूली नियमानुसार मार्केट दर पर करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिसके सम्बन्धित परिवार स्वयं उत्तरदायी होगा। अतः जो भी समाजसेवी/जगरूक नागरिक अपने ग्रामसभा/नगर क्षेत्र में प्रचलित अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी के अपात्र राशनकार्डो के संबंध में सूचना देगा। उस व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा और इस कार्य में सहयोग हेतु ऐसे व्यक्तियों को अलग से सम्मानित किया जायेगा।

# देश भारती स्कूल ने कुमारी अवनि का मनाया जन्मदिन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश भारती पब्लिक स्कूल धानिया महरी पुल मोहान रोड लखनऊ में पांचवी कक्षा की छात्रा अवनि का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राष्ट्रीय कवि वेदव्रत बाजपेई ने उपहार देकर अवनि को सम्मानित किया तत्पश्चात अवनि ने सभी बच्चों को टॉफियां वितरित की। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रबंधक वेदव्रत बाजपेई ने बताया कि विद्यालय में अब तक 4000 से अधिक बच्चों का जन्मदिन मनाया जा चुका है। विगत 40 वर्षों में चार हजार से अधिक बच्चों का जन्मदिन मनाना एक उत्कृष्ट एवं उत्प्रेरक कार्य है, जो बहुत ही सराहनीय एवं उल्लेखनीय है। उन्होंने बताया कि 4 मई को मेरिटो कान्वेंट स्कूल मायापुरम में नई शाखा का प्रारंभ किया जा रहा है। इस मौके पर तमाम बुद्धिजीवी, साहित्यकार, कवि उपस्थित रहेंगे। प्रधानाचार्य श्रीमती सुशीला परिहार ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

